कार्यालय : जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला–सलूम्बर, राज.

क्रमांक : स्था./2025/89 दिनांक : 18.11.2025

–:: कार्यालय आदेश ::–

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर की अधिसूचना क्रमांक : 09 ई.वी./2024 दिनांक 20.11.2024 द्वारा अधीनस्थ न्यायालयों में दिनांक 25.12.2025 से दिनांक 31.12.2025 तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है। उक्त अवधि में जिला एवं सत्र न्यायालय, सलूम्बर व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सलूम्बर के न्यायालय उक्त अवधि में बंद रहेंगे।

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के आदेश क्रमांक : 21/विविध/2025 दिनांक 06.11.2025 के अनुसरण में दिनांक 25.12.2025 से दिनांक 31.12.2025 तक शीतकालीन अवकाश की अवधि में जिला एवं सत्र न्यायालय, सलूम्बर व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सलूम्बर के न्यायालय उक्त अवधि में बंद रहेंगे। उक्त शीतकालीन अवकाश अवधि में उक्त न्यायालयों से सम्बंधित ऐसे फौजदारी आवेदन, जो उक्त न्यायालयों में पेश किये जावेंगे या लम्बित हैं, उन्हें सुनने एवं निपटाने के लिये तथा उक्त न्यायालयों के आवश्यक प्रकृति के दीवानी कार्य करने के लिये निम्नलिखित अधिकारीगण को अधिकृत किया जाता है;

क्र.सं.	न्यायिक अधिकारी का नाम	पद	अवधि
1.	श्रीमती ज्योति पुरी	अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सलूम्बर	दिनांक 26.12.2025 व 29.12.2025
2.	श्री विनीत कुमार	मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सलूम्बर	दिनांक 30.12.2025 व 31.12.2025

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के पत्र क्रमांक आदेश क्रमांक : 21/विविध/2025 दिनांक 06.11.2025 के अनुसरण में दिनांक 25.12.2025 से दिनांक 31.12.2025 तक शीतकालीन अवकाश की अवधि में सलूम्बर न्याय क्षेत्र के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सलूम्बर/अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सलूम्बर/न्यायिक मजिस्ट्रेट, सलूम्बर व न्यायिक मजिस्ट्रेट, सराडा, जिला–सलूम्बर के न्यायालय भी उक्त अवधि में बंद रहेंगे। उक्त शीतकालीन अवकाश अवधि में उक्त न्यायालयों से सम्बंधित जमानत एवं निरोध अवधि की अवधि अभिवृद्धि (रिमाण्ड) सम्बंधी तथा उक्त न्यायालयों से सम्बंधित अन्य आवश्यक प्रकृति के दीवानी मामलों को निपटाने के लिये निम्नलिखित अधिकारीगण को अधिकृत किया जाता है;

क्र.सं.	न्यायिक अधिकारी का नाम	पद	अवधि
1.	श्रीमती पल्लवी बोहरा	न्यायिक मजिस्ट्रेट, सलूम्बर	दिनांक 26.12.2025 व 29.12.2025
2.	श्री विनय डाबी	न्यायिक मजिस्ट्रेट, सराडा, जिला–सलूम्बर	दिनांक 30.12.2025 व 31.12.2025

शीतकालीन अवकाश अवधि में कार्य करने के लिए अधिकृत अधिकारीगण ही कोड ऑफ कंडक्ट के अनुसार प्रोटोकॉल, इत्यादि सम्बंधी समस्त कार्यों का भी निर्वहन करेंगे।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
जिला–सलूम्बर

18.11.25

क्रमांक : 584-601 दिनांक : 18.11.2025

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं पालनार्थ हेतु प्रेषित है–

1. माननीय रजिस्ट्रार जनरल महोदय, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर।
2. डिप्टी रजिस्ट्रार (प्रोटोकॉल), राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर/पीठ, जयुपर।
3. वरिष्ठ मुंसरिम, जिला एवं सैशन न्यायालय, सलूम्बर।
4. समस्त अधीनस्थ न्यायालय, सलूम्बर न्याय क्षेत्र।
5. सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सलूम्बर।
6. जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, सलूम्बर।
7. जिला पुलिस अधीक्षक, सलूम्बर।
8. कारापाल, जिला कारागृह, सलूम्बर।
9. अध्यक्ष, जिला अभिभाषक संघ, सलूम्बर/सराडा, जिला–सलूम्बर।
10. सहायक निदेशक अभियोजन/अभियोजन अधिकारी, सलूम्बर।
11. प्रोटोकॉल अधिकारी/प्रोटोकॉल लिपिक/सहायक नाजिर, सलूम्बर।
12. नोटिस बोर्ड, कार्यालय हाजा/लेखा शाखा/प्रतिलिपि शाखा, सलूम्बर।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
जिला–सलूम्बर

18/11/25